प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 फरवरी 2025

**2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)**

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस प्रमुख शहरों[1] में पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों के आधार पर, 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए अपना त्रैमासिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[2] (आधार: 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/home > Statistics > Real Sector > Prices & Wages) पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य बातें:**

- अखिल भारतीय एचपीआई में 2024-25 की तीसरी तिमाही में 3.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में 4.3 प्रतिशत की संवृद्धि और एक वर्ष पहले 3.8 प्रतिशत की संवृद्धि हुई थी; वार्षिक एचपीआई संवृद्धि शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही - 8.1 प्रतिशत (कोलकाता) की उच्च वृद्धि से लेकर 0.1 प्रतिशत (कानपुर) तक।

- क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में 2024-25 की तीसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई; मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, जयपुर और कोच्चि में नवीनतम तिमाही के दौरान घरों की कीमतों में क्रमिक वृद्धि दर्ज की गई।




**प्रेस प्रकाशनी: 2024-25/2265**

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

---

[1] ये दस शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं।

[2] एचपीआई संकलन पद्धति के लिए आरबीआई बुलेटिन (वेबलिंक: https://website.rbi.org.in/hi/web/rbi/publications/rbi-bulletin ) के अक्तूबर 2014 अंक के लेख "आवास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14 " का संदर्भ लिया जा सकता है ।